an>

Title: Regarding stoppage of trains No. 18191 up and 18192 at Bilhor Railway Station.

श्रीमती अंजू बाला **(मिश्रिख) :** माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख के विधान सभा बिल्हौर की ओर आकर्षित करना चाहूंगी। कानपुर से फरूर्खाबाद रेल मार्ग कस्बा बिल्हौर से होकर गुजरता है तथा यहां पर दैनिक रेल यात्रियों की संख्या भी अधिक है। लेकिन बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव न होने के कारण दैनिक रेल यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अतः मैं सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगी कि गाड़ी संख्या 18191 अप व 18192 डाउन टाटानगर से फरूर्खाबाद वाया कानपुर उत्सर्ग एक्सप्रेस का ठहराव बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर कराने का कष्ट करें, जिससे वहां के दैनिक रेल यात्रियों को होने वाली असुविधाओं से मुक्ति मिले। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Mukesh Rajput, Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shrimati Anju Bala, Shrimati Priyanka Singh Rawat, and Shri P. P. Chaudhary are permitted to associate with the issue raised by Dr. Mahendra Nath Pandey.